परमेश्वर के लिये मन्नत मानना

हमारे पिता जो स्वर्ग में हैं, आपका नाम पवित्र माना जाये। आपकी विधियाँ ज्यादा से ज्यादा मेरे ह्रदय में आएँ और मेरे नश्वर शरीर में केवल आप ही की इच्छा पूरी हो।

जरूरत के हर समय में हमारी मदद के लिये किये गये आपके अनुग्रह के वादे की सहायता पर निर्भर करते हुए, हमारे प्रभु यीशु मसीह के द्वारा मैं ये मन्नत दर्ज करता हूँ।

प्रतिदिन मैं स्वर्गीय अनुग्रह के सिंहासन पर सामान्य रूप से कटनी के कार्य से जुड़े हितों को याद करूँगा, और खास तौर पर उसमें मेरी सहभागिता , जिसमें मैं विशेष रूप से आनंदित होता हूँ उसे याद करूँगा और हर जगह उपस्थित प्रिय सहकर्मियों को भी याद करूँगा।

मैं यह मन्नत लेता हूँ कि अगर सम्भव हो तो मैं और ज्यादा ध्यानपूर्वक अपने सभी विचारों को और बातों को और क्रियाओं को बारीकी से जांचूंगा, इस इरादे से ताकि मैं आपकी और आपके प्रिय झुण्ड की सेवा करने के लिये बेहतर रूप से योग्य बन सकूँ।

परमेश्वर मैं आपसे यह मन्नत करता हूँ कि मैं हमेशा हर उस वस्तु से जो प्रेतवाद और तंत्र - मंत्र के सदृश्य है, उसका प्रतिरोध करने के लिये सचेत रहूँगा, और यह याद रखते हुए कि केवल दो स्वामी हैं , मैं इन फंदों का प्रतिरोध सारे उचित तरीकों से करूँगा क्योंकि वे शैतान से हैं।

निम्नलिखित सूचि के अतिरिक्त मैं आगे यह मन्नत लेता हूँ कि मैं हर जगह और हर समय पर सभी विपरित लिंग के लोगों के साथ असार्वजनिक में बिलकुल वैसा ही मर्यादित आचरण करूँगा जैसा कि मैं सार्वजनिक में यानि प्रभु के लोगों की सभा के बीच में करता हूँ।

और जहाँ तक यथोचित सम्भव होगा, जब तक कि कमरे का दरवाजा पूरी तरह से खुला हुआ न हो , मैं किसी भी विपरीत लिंग के व्यक्ति के साथ एक ही कमरे में नहीं रहूँगा।

भाइयों के विषय में अतिरिक्त व्यक्तियों की सूची - पत्नी, बच्चे , माँ और सगी बहनें

बहनों के विषय में अतिरिक्त व्यक्तियों की सूची - पति , बच्चे , पिता और सगे भाई

प्रभु यीशु मसीह के नाम से आमीन!